# यूपीईएस व बजाज ऑटो के बीच साझेदारी

■ इंजीनियरों के लिए स्थापित होगा कौशल प्रशिक्षण केन्द्र



साझेदारी करते दोनों संस्थानों के पदाधिकारी।

**देहरादून (एसएनबी)।** यूपीईएस और बजाज ऑटो लिमिटेड ने इंजीनियरिंग स्नातकों और डिप्लोमाधारकों को 21वीं सदी की तकनीक से प्रशिक्षित करने के लिए साझेदारी की है। इसके तहत बजाज आटो अपनी सीएसआर के हिस्से के यूपीईएस में एक एडवांस्ड बजाज इंजीनियरिंग कौशल प्रशिक्षण केंद्र (बेस्ट) स्थापित करेगा।

एडवांस्ड बजाज इंजीनियरिंग कौशल प्रशिक्षण केंद्र बजाज आटो लिमिटेड की सीएसआर पहल है जिसका उद्देश्य भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों के सहयोग से अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करके टियर-2 और टियर-3 इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कालेजों के इंजीनियरों को सशक्त बनाना है। दोनों के संयुक्त प्रयास से दो फुल टाइम ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू होगा। पहला डिप्लोमा इंजीनियरों के लिए और दूसरा स्नातक इंजीनियरों के लिए। यूपीईएस परिसर में दोनों कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा और उत्तराखंड समेत देश के अन्य हिस्सों के विभिन्न इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कालेजों के छात्रों को आमंत्रित करेगा।

बेस्ट कार्यक्रम मेक्ट्रोनिक्स, मोशन कंट्रोल और सेंसर टेक्नोलाजी, रोबोटिक्स और आटोमेशन और इंडस्ट्री 4.0 और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग में प्रशिक्षण प्रदान करेगा। पाठ्यक्रम इंडस्ट्री की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। बेस्ट कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवा शिक्षार्थियों को रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायता करेगा। यूपीईएस के वाईस चांसलर डा. राम शर्मा ने कहा कि यूपीईएस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त साझेदारी छात्रों को इनोवेशन और समस्या-समाधान के लिए सशक्त बनाने के मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बजाज आटो लिमिटेड के सीएसआर के वाईस प्रेजिडेंट सुधाकर गुडीपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना और युवाओं को सशक्त बनाना है।